# NOTE FOR JUSTIFICATION FOR FOREST LAND

परियोजना का नामः– राज्य योजना के अन्तर्गत गौचर–सिदोली–धनपुर मोटर मार्ग के विस्तार हेतु 2.100 हे0 वन पंचायत भूमि एवं 0.130 हे0 मक डिस्पोजल, कुल 2.230 हे0 भूमि का लो0नि0वि0 को हस्तान्तरण।

यह मोटर मार्ग गौचर–सिदोली–धनपुर मोटर मार्ग के कि0मी0 24.500 से प्रारम्भ होकर 27.500 कि0मी0 कि लम्बाई में धनपुर गॉव तक जाता हैं। जिससे कि ग्रामवासियों को यातायात की सुविधा होगी वर्तमान में गांव की महिलाए पानी लकड़ी, चारा आदि लाने दूर जाती है मार्ग निर्माण के पश्चात उनका बहुमूल्य समय बचेगा साथ ही वे अपने घर और बच्चों को अधिक समय दें पाऐंगी। गॉव में चिकित्सालय तथा विद्यालय खुलने के ओर नए अवसर मिलेंगें। ग्रामवासी अपने उत्पादित फल, सब्जी, अनाज, आदि को बाजार तक बिना किसी कठिनाई के ले जा पायेंगे। साथ ही गाव विकास की ओर अग्रसर होगा तथा स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगें।

**समरेखण–1** यह मोटर मार्ग गौचर–सिदोली–धनपुर मोटर मार्ग के कि0मी0 24.500 से प्रारम्भ हो कर धनपुर तक 27.500 कि0मी0 लम्बाई में निर्माण कार्य किया जाना प्रस्तावति है। इस समरेखण पर क्षेत्रिय जनता की सहमति हैं तथा भू–गर्भ वेता द्वारा भी समरेखण को मार्ग निर्माण हेतु उपय्युक्त पाया गया है। इस समरेखण में 2 हेयरपिन बैण्ड पड़ते हैं तथा 964 वृक्ष प्रभावित होते हैं।

**समरेखण–2** यह मोटर मार्ग गौचर–सिदोली–धनपुर मोटर मार्ग के कि0मी0 24.500 से प्रारम्भ हो कर धनपुर तक 28.500 कि0मी0 लम्बाई में निर्माण कार्य किया जाना प्रस्तावति है। इस समरेखण से क्षेत्रिय जानता भी सहमत नहीं हैं एवं भू–गर्भ वेता द्वारा मार्ग निर्माण हेतु अनुपयुक्त पाया गया हैं। इस समरेखण में हेयरपिन बैण्ड कि सं0 3 है तथा 1000 वृक्ष प्रभावित होते हैं।

उपरोक्त दोनों समरेखण के अतिरिक्त अन्य कोई वैकल्पिक समरेखण उपलब्ध नहीं हैं। अतः मार्ग निर्माण हेतु संमरेखण न0–1 उपर्युक्त हैं।

सहायक अभियन्ता
अस्थाई खण्ड,लो0नि0वि0
गौचर (चमोली)

अधिशासी अभियन्ता
अस्थाई खण्ड,लो0नि0वि0
गौचर (चमोली)